न्यायालय शिविर प्रभारी (PGKSA–2021 पं0स0 मौलासर अति0 जिला कलक्टर डीडवाना, नागौर)

पीठासीन अधिकारी :– **श्री रिछपाल सिंह बुरडक (आर0ए0एस0)**

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या :– 14/2021 दायर दिनांक :– 08.10.2021

प्रार्थी :–

1. नायब तहसीलदार, मौलासर जिला नागौर।

प्रार्थना पत्र बाबत
चालू स्थाई सार्वजनिक रास्तों का रेकर्ड में अंकन बाबत
राजस्थान भू– अभिलेख नियम 1957 के नियम – 58,59,60,66,86
अन्तर्गत धारा 131, 132 L.R. Act

–::निर्णय::–

दिनांक :– **08.10.2021**

नायब तहसीलदार मौलासर ने राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04/जयपुर दिनांक 10.08.2016 के संदर्भ में अपने पत्र क्रमांक/कैम्प/2021/118 दिनांक 08.10.2021 के द्वारा ग्राम धनकोली पटवार हल्का धनकोली के संलग्न सूची के अनुसार चालू स्थाई सार्वजनिक रास्तों का जमाबन्दी एवं नक्शे में अंकन किये जाने बाबत पेश किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया।

राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04/जयपुर दिनांक 10.08.2016 के अनुसार ऐसे चालू रास्तो का राजस्व अभिलेख में अंकन राजस्थान भू राजस्व अधिनियम की धारा 131 एवं 132 तथा राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 66 एवं 86 के प्रावधानानुसार नायब तहसीलदार के प्रार्थना पत्र पर किया जायेगा।

चुंकि पंचायत समिति मौलासर में आयोजित प्रशासन गावों के संग अभियान –2021 हेतु श्रीमान जिला कलक्टर महोदय नागौर ने अपने आदेश क्रमांक प.12( )( )राजस्व/2021/6442 दिनांक 01.09.2021 के द्वारा नायब तहसीलदार मौलासर को सहायक शिविर प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

अतः नायब तहसीलदार मौलासर के द्वारा राज्य सरकार के परिपत्र क्रमांक प3(2)राज–6/2003/पार्ट/04/ जयपुर दिनांक 10.08.2016 के संदर्भ में उपरोक्त प्रार्थना पत्र राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम – 58, 59, 60, 66, 86 अन्तर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम पेश किया है। राज्य सरकार के परिपत्र के संदर्भ में प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर संलग्न सूची व ट्रेस नक्शे के अनुसार ग्राम धनकोली पटवार हल्का धनकोली में चालू स्थाई सार्वजनिक रास्तों का राजस्व रेकर्ड में अंकन किया जावें। सलंग्न सूची व ट्रेस नक्शा निर्णय का अभिन्न भाग रहेगा। तदनुसार राजस्व रेकर्ड में तरमीम हो।

शिविर प्रभारी
अति0 जिला कलक्टर, डीडवाना
PGKSA–2021 पं0स मौलासर

निर्णय आज दिनांक **08.10.2021** को सरे इजलास सुनाया गया।

शिविर प्रभारी
अति0 जिला कलक्टर, डीडवाना
PGKSA–2021 पं0स मौलासर